प्रदर्शन ▸ लंबित मांगों को लेकर सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया

# पेयजल संकट से नाराज ग्रामीणों ने किया नेशनल हाईवे जाम



**डिंडोरी, नवभारत 6 अप्रैल।** जिले में बुनियादी समस्याओं के समाधान में हो रही देरी अब जनआक्रोश का रूप लेने लगी है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे शहडोल-पंडरिया नेशनल हाईवे पर चाड़ा पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। अपनी लंबित मांगों को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

बताया गया है कि ग्रामीणों ने गत शुक्रवार को बजाग एसडीएम कार्यालय में मोबाइल नेटवर्क और पेयजल संकट को लेकर ज्ञापन सौंपा था। साथ ही चेतावनी दी थी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर वे नेशनल हाईवे जाम करेंगे। प्रशासन द्वारा ठोस पहल न किए जाने से नाराज़ ग्रामीणों ने आखिरकार आंदोलन का रास्ता अपनाया।

### मोबाइल नेटवर्क की स्थिति भी खराब

चाड़ा पंचायत के सरपंच गोविंद बोरकर ने बताया कि चाड़ा, तांतर और सिलपिंडी ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति अत्यंत खराब है। इसके चलते मनरेगा मजदूरों की हाजिरी एनएमएमएस पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पा रही है, जिससे उनकी मजदूरी प्रभावित हो रही है। वहीं, नल-जल योजना के अधूरे कार्य के कारण भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

### मनरेगा में ऑफलाइन मस्टर तत्काल लागू करने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि मनरेगा में हाजिरी के लिए ऑफलाइन मस्टर तत्काल लागू किया जाए, लंबित मजदूरी का भुगतान शीघ्र किया जाए तथा सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार की बात नहीं मानी

घटनास्थल पर तहसीलदार भारत सिंह बट्टे एवं निरीक्षक शिव लाल मरकाम पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक कलेक्टर स्वयं मौके पर आकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### वाहनों की लगी लंबी कतार

नेशनल हाईवे पर जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल प्रशासनिक महकमे द्वारा जब ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वह चौपाल लगाकर सारी समस्याओं का निराकरण करेंगे तब जाकर उन्होंने जाम खोला।

# महुआ नहीं मिला तो थैला ही उठा ले गया जंगल का राजा

▸ बांधवगढ़ के जंगल में बाघ की अजीब हरकत, ग्रामीण बना मूक दर्शक



**चिल्हारी नवभारत 6 अप्रैल।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र के बंदर चुई इलाके से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे सुनकर लोग हैरान भी हैं और मुस्कुरा भी रहे हैं। यहां एक बाघ ने शिकार नहीं, बल्कि महुआ से भरा थैला ही अपना टारगेट बना लिया।

दरअसल, एक ग्रामीण आराम से पेड़ के नीचे बैठकर महुआ बीन रहा था। मेहनत से इकट्ठा किया गया महुआ उसने एक थैले में भरकर पास में रख दिया। तभी अचानक जंगल का असली मालिक एंट्री मारता है। बाघ चुपचाप आया, पहले थोड़ी देर पेड़ के नीचे बैठकर माहौल को समझा, मानो सोच रहा हों, क्या सीन चल रहा है। ग्रामीण ने जैसे ही बाघ को देखा, उसकी हालत खराब हो गई। वह कुछ दूरी पर खड़ा होकर बस तमाशा देखने लगा। उधर बाघ ने भी कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। पहले आराम से बैठा, फिर नजरें घुमाई और आखिर में फैसला लिया शिकार नहीं मिला तो थैला ही सही।

### पूरा नजारा किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था

इसके बाद बाघ ने महुआ से भरा थैला अपने मुंह में दबाया और ऐसे चलता बना जैसे जंगल की दुकान से शॉपिंग करके निकला हो। पूरा नजारा किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। इस अनोखी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोमवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग मजाक में कह रहे हैं कि बाघ अब 'डाइट चेंज' कर चुका है और शिकार की जगह महुआ पसंद करने लगा है।

### वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

हालांकि, वन विभाग इस घटना को हल्के में नहीं ले रहा। पनपथा बफर क्षेत्र के अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि वीडियो मिलने के बाद इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अकेले जंगल में महुआ बीनने न जाएं, बल्कि समूह में जाएं और सतर्क रहें। कुल मिलाकर, यह घटना जहां एक तरफ जंगल के खतरे की याद दिलाती है, वहीं दूसरी तरफ यह भी दिखाती है कि जंगल का राजा कब क्या कर जाए, इसका कोई भरोसा नहीं।

# कुश्ती खिलाड़ी चांदनी नरेती ने लगातार जीते पदक



▸ कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित

**डिंडौरी, नवभारत 6 अप्रैल।** जिले की प्रतिभाशाली कुश्ती खिलाड़ी चांदनी नरेती ने खेल जगत में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल कर डिंडौरी का नाम गौरवान्वित किया है।

खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स के अंतर्गत उज्जैन में आयोजित प्रतियोगिता में चांदनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। सोमवार को डिंडौरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने चांदनी नरेती को फूलमाला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल प्रशिक्षण हेतु हॉल की आवश्यकता रखी, जिस पर कलेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को खाली भवन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि वे अपनी समस्याएं सीधे दूरभाष के माध्यम से साझा कर सकते हैं और खेलों के विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

**बैडमिंटन कोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश**-खिलाड़ियों द्वारा लंबे समय से की जा रही बैडमिंटन कोर्ट की मांग को भी गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को एक माह के भीतर नया कोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।इसके बाद दिल्ली में आयोजित नेशनल ट्रायल में भी चांदनी ने रजत पदक जीतकर नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं खेलो इंडिया नेशनल गेम्स, जो अंबिकापुर में 28 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित हुए, में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चांदनी नरेती वर्तमान में शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय, डिंडौरी में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा हैं। उनके पिता शिव प्रसाद नरेती एवं माता सुनीता नरेती हैं।

वे ग्राम घेवरी, विकासखंड अमरपुर, जिला डिंडौरी की निवासी हैं। चांदनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के चेतराम अहिरवार, आरती सोंधिया, संतोषी यादव, क्रीड़ा अधिकारी मो. आमिर खान, चांदनी के परिजन एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध रेत परिवहन पर तीन वाहन किए जब्त

**शहपुरा नवभारत।** शहपुरा अनुविभाग अंतर्गत मेहंदवानी दौरे के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ऐश्वर्य वर्मा द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान एक अवैध रेत से भरी ट्रॉली का परिवहन करते हुए पाए जाने पर उसे जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त एक बस एवं एक तूफान वाहन द्वारा मेहंदवानी मुख्यालय में आवागमन बाधित किए जाने की स्थिति सामने आने पर दोनों वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। तीनों वाहनों को थाना मेहंदवानी में सुरक्षार्थ खड़ा कर आगे की वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनिज परिवहन एवं यातायात व्यवस्था बाधित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# हृदय रोग से पीड़ित 56 बच्चों का किया गया पंजीयन



▸ जिला चिकित्सालय डिंडौरी में बाल हृदय कैंप आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 6 अप्रैल।** विगत दिवस जिला चिकित्सालय डिंडौरी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 'बाल हृदय कैंप' का सफल आयोजन किया गया।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रमेश मरावी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैंप का संचालन जिला समन्वयक ओम प्रकाश उरैती के नेतृत्व में किया गया। कैंप में जिले के सभी विकासखंडों से मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा चिन्हित जन्मजात हृदय रोग से संबंधित 56 बच्चों का पंजीयन कर उनका ईको परीक्षण किया गया। यह जांच गैलेक्सी हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे (कार्डियोलॉजिस्ट एवं गोल्ड मेडलिस्ट) द्वारा की गई।

### 5 बच्चों को आगे के इलाज के लिए किया गया चिन्हित

विशेषज्ञ जांच के उपरांत 5 बच्चों को आगे के उपचार हेतु जबलपुर स्थित गैलेक्सी हॉस्पिटल में रेफर किए जाने के लिए चिन्हांकित किया गया, जिससे उन्हें समय पर बेहतर उपचार मिल सके। इस अवसर पर हॉस्पिटल मैनेजर योगेंद्र सिंह उईके, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी कमल सिंह भदौरिया, आयुष चिकित्सक डॉ. ऋषिकेश सिंह, डॉ. हर्षवर्धन सिंह धुर्वे, डॉ. त्रिवेणी धुर्वे, डॉ. नागेश मानिकपुरी, डॉ. प्रभात अवधिया, डॉ. बलराम सिंह उईके, डॉ. आकाश सिंद्रम, डॉ. मुकेश परते, एएनएम करण सोनी आदि उपस्थित रहे।

# जफर जिला उपाध्यक्ष व खुर्शीद बने जिला प्रभारी



▸ बसपा संगठन का किया गया विस्तार

**डिंडौरी, नवभारत 6 अप्रैल।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संगठन विस्तार अभियान के तहत जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का वितरण करते हुए पार्टी ने नई ऊर्जा का संचार किया है। इसी क्रम में जफर सिद्दीकी को जिला उपाध्यक्ष एवं खुर्शीद आलम को जिला प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया है।

जफर सिद्दीकी को उनकी कार्यकुशलता, संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से विशेष रूप से युवाओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। शुभचिंतकों और समर्थकों का मानना है कि उनके नेतृत्व में जिले में पार्टी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। वहीं, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा खुर्शीद आलम को जिला प्रभारी की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इन नियुक्तियों पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया हैं। इस अवसर पर बसपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह आर्मो सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। बसपा संगठन में हुए इस विस्तार को आगामी समय में पार्टी के जनाधार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# समीक्षा ने हासिल किए 99 .5 प्रतिशत अंक

▸ डीपीएस स्कूल अमरपुर के कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

**चिल्हारी नवभारत 6 अप्रैल।** उमरिया जिले के ग्राम अमरपुर में संचालित डीपीएस स्कूल का कक्षा वार परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जब से यह स्कूल संचालित हुई है पढ़ाई के अलावा अच्छे संस्कार, शिक्षकों का अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं से अच्छा व्यवहार एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर कराए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल प्रतियोगिता की भी सराहना अभिभावकों के द्वारा की जाती है।

वर्ष 2025-26 के परीक्षा परिणाम में कक्षा 1 में पढ़ने वाली छात्रा समीक्षा श्रीवास्तव (कुहू) ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्रा को कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक में सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने पर शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# अवैध शराब और सट्टे पर लगाम लगने की उम्मीद

▸ संतोष यादव ने अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी का पदभार ग्रहण किया

**अमरपुर नवभारत 6 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के निर्देशानुसार पुलिस चौकी अमरपुर में पदस्थ चौकी प्रभारी अतुल हरदहा सहायक उपनिरीक्षक का स्थानांतरण पुलिस चौकी विक्रमपुर किया गया। उनके स्थान पर पुलिस चौकी प्रभारी विक्रमपुर संतोष यादव सहायक उपनिरीक्षक को अमरपुर पुलिस चौकी की कमान सौंपी गई हैं।



उन्होंने विगत दिवस पुलिस चौकी अमरपुर में पदभार ग्रहण किया। वहीं क्षेत्रीय जनों ने नव चौकी प्रभारी से क्षेत्र में संचालित हो रही अवैध गतिविधियां सट्टा, जुआ, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की है। जानकारों की माने तो अमरपुर मुख्यालय में बिना रोक-टोक ऐसे अनेकों स्थान है जहां पर अवैध शराब की बिक्री भारी मात्रा में की जा रही है।

**अघोषित तरीके से अहाता का हो रहा संचालन**-इसके साथ ही अघोषित तरीके से अहाता संचालन कर शराब परोसी जा रही है। जानकारों की माने तो अमरपुर मुख्यालय में ही अवैध रूप से सट्टा खिलाया जा रहा है जो लंबे समय से गरीबों की मेहनत की गाढ़ी कमाई को एक का अस्सी के लोभ में लूटने का कार्य कर रहे हैं।



# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

▸ अमरपुर चौकी पुलिस की कार्यवाही

**चिल्हारी नवभारत 6 अप्रैल।** जिले के पुलिस चौंकी अमरपुर थाना इंदवार अंतर्गत मुड़गुड़ी घाट से ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर अमरपुर चौंकी पुलिस ने कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने बताया कि अवैध रूप से रेत उत्खनन की लगातार जानकारी मिल रही थी, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर मुड़गुड़ी घाट में दबिश दी गई। जहां रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को रोका गया। चालक से आवश्यक वैध दस्तावेज मांगे गए तो उसके पास किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं पाए गए। ट्रैक्टर ट्रॉली को मय रेत चौंकी परिसर लाया गया है और विधिसंगत कार्रवाई की जा रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा में बह रही भक्ति की गंगा



▸ कथा का श्रवणपान कर रहे श्रद्धालु

**शहपुरा नवभारत 6 अप्रैल।** गुरु धाम तम्केश्वर आश्रम बरबसपुर मानिकपुर में भगत गिरी बच्चू महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया गया । दरअसल श्रीमद् भागवत कथा पुराण का वाचन पंडित मुकेश तिवारी कंचनपुर वाले के द्वारा किया जा रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पंडित मुकेश तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का शानदार वर्णन किया और कथा के दौरान आकर्षक झांकी निकाली गई, जहां श्रद्धालु नाचते हुए कथा का रसपान किया। गौरतलब है कि श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकी निकाली गई। भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने नाचते हुए भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया और श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। श्रीमद् भागवत कथा पुराण सुनने दर्जनों गांव के लोग पहुंचकर धर्म लाभ उठा रहे हैं।

### 8 को श्रीमद् भागवत कथा पुराण का होगा समापन

गुरु धाम तम्केश्वर आश्रम बरबसपुर मानिकपुर में 2 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन किया जा रहा है, जिसका 8 अप्रैल को समापन करते हुए यज्ञ हवन भंडारा आयोजित किया जाएगा, जहां दर्जनों गांव के श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हुए धर्म लाभ उठाएंगे।




# एबीवीपी ने पक्षियों के लिए लगाया मिट्टी के सकोरे

**अमरपुर नवभारत 6 अप्रैल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमरपुर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा महाविद्यालय अमरपुर में एसएफडी गतिविधि के माध्यम से सेल्फी विथ सकोरा अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से शासकीय महाविद्यालय परिसर अमरपुर, कन्या हाई स्कूल परिसर, कन्या छात्रावास परिसर, रानी रामगढ़ तिराहा आदि विभिन्न स्थानों पर मिट्टी का सकोरा लगाया गया, जिससे इस बढ़ती हुई भीषण गर्मी में पक्षियों को आसानी से पानी मिल सके। इस दौरान अखिल भारतीय परिषद अमरपुर के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# सुतली की रस्सी से गला घोंटकर की गई थी हत्या

▸ शहपुरा पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा, 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शहपुरा नवभारत 6 अप्रैल।** डायल 112 कंट्रोल डिण्डौरी से ग्राम देवरा एवं ग्राम विचारपुर की सरहद पर एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर देहाती मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान मृतक की पहचान गुलशन निवासी ग्राम देवरा के रूप में हुई। पीएम रिपोर्ट में गला घोटने से मृत्यु होना और प्रकरण हत्या का पाए जाने से मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित कर तकनीकी सेल की सहायता से आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई।



**पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया**-इस दौरान दौरान मृतक गुलशन और आरोपी भाग सिंह एवं राकेश घटना दिनांक को एक साथ देखे जाने की उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर पूछताछ की गई, जिन्होंने आपस में उत्पन्न विवाद की रंजिश के चलते 2 अप्रैल की रात्रि में सुतली की रस्सी से गला घोंटकर हत्या करना एवं शव को ग्राम विचारपुर के पास खेत में छिपाना स्वीकार किया ।

**आरोपियों से घटना में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई**-दोनों आरोपियों को 5 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त सुतली रस्सी, ट्रैक्टर-ट्राली क्रमांक एमपी 20 जेड बी 1051 एवं आरोपियों के घटना समय पहने कपड़े जब्त किए गए हैं।